हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

04 थाने पहुंचीं महिलाएं- राला, अकावलिया...



07 सुरक्षा व वैधानिक मानकों का अक्षरश ...





## खबर संक्षेप

### सीहोर रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग

**सीहोर।** बीते लंबे समय से सीहोर के नागरिक सीहोर रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग कर रहे हैं। सीहोर में कुबरेश्वर धाम पर लाखों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी वर्ग भी अपनी शिक्षा प्राप्त करने हेतु शैक्षणिक संस्थान आते हैं, लेकिन ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण अनेक लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज होगा तो उसे रेलवे विभाग को भी राजस्व की प्राप्ति बढ़ेगी। इन्हीं सभी मांगों को लेकर सीहोर के वरिष्ठ गोपाल सोनी, वीरेंद्र किरार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों नागरिकों ने भोपाल सीहोर सांसद आलोक शर्मा को ट्रेन स्टॉपेज करने हेतु मांग पत्र सौंपा था। इसी मांग पत्र को दृष्टिगत रखते हुए सीहोर भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और सीहोर के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की मांग रखी। केंद्रीय रेल मंत्री ने भी सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज का आश्वाशन दिया है।

### रिसाइक्लिंग रोकने के लिए उठाया सख्त कदम, अब कैमरे में दर्ज हो रहा हर किसान का चेहरा व ट्रैक्टर ट्रॉली का नंबर

# भावांतर में फर्जीवाड़े पर 'तीसरी आंख' का पहरा जिले की मंडियों में किसानों की वीडियोग्राफी

जिले में 3 लाख 40 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी की गई है। भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए 66 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण भावांतर भुगतान योजना में सेंध लगाने वाले गिरोह और कागजी किसानों पर अब जिला प्रशासन ने डिजिटल पहरा लगा दिया है। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशों के बाद जिले की कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन बेचने आ रहे हर किसान और उसकी उपज की वीडियोग्राफी अनिवार्य कर दी गई है। जिला मुख्यालय स्थित मंडी में हरिभूमि की पड़ताल के दौरान यह हकीकत सामने आई कि अब किसान को अपनी उपज बेचने के लिए केवल कागजात ही नहीं, बल्कि कैमरे के सामने स्वयं को भी साबित करना पड़ेगा।

बता दें जिले में भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए बिचौलियों ने एक नया तरीका इजाद किया था जिसे 'रिसाइक्लिंग' कहा जाता है। इसमें कम दाम पर खरीदे गए पुराने सोयाबीन को फर्जी तरीके से किसी किसान के नाम पर दोबारा मंडी ले आते थे। जिसके पीछे उद्देश्य था सरकार से मिलने वाली भावांतर राशि और बाजार मूल्य का अंतर को हड़पना।



**सीहोर।** भावांतरण योजना का लाभ लेने वाले किसानो की कराई जा रही वीडियोग्राफी।

### 27 करोड़ का हो चुका भुगतान

बता दें जिले में कुल 3 लाख 40 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी की गई है। भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए 66 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि अब तक 40 हजार किसान अपनी उपज भावांतर के तहत मंडियों में ला चुके हैं। इनमें से 24 हजार किसानों को भावांतर की राशि मिल चुकी है। जिले के किसानों के बैंक खातों में अब तक 27 करोड़ रुपए की भावांतर राशि भेजी जा चुकी है।

### 15 जनवरी आखिरी तारीख

कलेक्टर ने केवल मंडियों तक ही सख्ती सीमित नहीं रखी है, बल्कि नोडल अधिकारियों को व्यापारियों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए हैं। यदि किसी मंडी में आवक अचानक से अनुमान से ज्यादा बढ़ती है तो वहां की जांच की जाएगी। बता दें भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेचने की अंतिम तारीख 15 जनवरी है। इसके बाद खरीदी बंद हो जाएगी, इसलिए प्रशासन शेष 26 हजार किसानों की खरीदी के लिए प्रयासरत है।

### वीडियोग्राफी ने बिगाड़ा खेल

हालांकि मंडियों में कराई जा रही वीडियोग्राफी ने फर्जीवाड़े का खेल बिगाड़ कर रख दिया है। वीडियोग्राफी के पीछे जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आने वाला व्यक्ति वास्तव में किसान है या कोई ओर, यह कैमरे में कैद हो रहा है। कई बार किसान के ऋण पुस्तिका और आधार का उपयोग कर व्यापारी माल खपा देते थे, अब चेहरा रिकॉर्ड होने से यह खेल बंद होगा। मंडी में आए वाहनों की संख्या व पोर्टल पर दर्ज डेटा का मिलान अब वीडियो साक्ष्यों से किया जाएगा।

### वीडियोग्राफी कराई जा रही है...

भावांतर योजना का लाभ केवल वास्तविक किसान को मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। वीडियोग्राफी और स्टॉक वेरिफिकेशन से वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा। किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इसका भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**नरेंद्र कुमार माहेश्वरी,** सचिव कृषि मंडी समिति सीहोर

## हादसा: इंदौर-भोपाल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्राला पलटा, राजस्थान के युवक की दबने से मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर तड़के गंभीर हादसा हो गया। सुबह करीब 5-6 बजे थाना जावर क्षेत्र अंतर्गत पटेल ढाबे के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब सीमेंट से भरा एक भारी भरकम ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्राले का पूरा वजन केबिन पर आ गिरा और चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्राला अत्यधिक रफ्तार में था। अचानक सडक़ किनारे मिट्टी धंसने से चालक का संतुलन बिगड़ गया, इससे पहले कि वह वाहन को संभाल पाता, ट्राला पलट गया। पलटते ही सीमेंट के बोरी केबिन पर आ गिरी। केबिन बुरी तरह पिचक गया और चालक उसमें फंसकर रह गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ढाबों और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।



### क्रेन की मदद से किया सीधा

सूचना मिलते ही थाना जावर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन ट्राले में भरा सीमेंट और वाहन का वजन इतना ज्यादा था कि चालक तक पहुंचना आसान नहीं था। क्रेन की मदद से ट्राले को सीधा किया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चालक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

**परिवार का इकलौता सहारा:** मृतक की पहचान गोविंद राम पिता पाचूए उम्र करीब 25 से 30 वर्ष निवासी ग्राम सटालिया थाना मैसूदा जिला ब्यावर राजस्थान के रूप में हुई है।

गोविंद राम जैसलमेर से इंदौर की ओर सीमेंट लेकर जा रहा था। वह परिवार का इकलौता सहारा बताया जा रहा है। मौत की खबर जैसे ही राजस्थान स्थित गांव पहुंची, पूरे गांव में मातम छा गया। हादसे के चलते इंदौर-भोपाल हाईवे पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा।

### मिट्टी धंसने से हुआ हादसा

एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और सड़क किनारे मिट्टी धंसना हादसे की मुख्य वजह सामने आई है। वहीं थाना प्रभारी नीता देअरवाल ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज: कोहरा छाया, अगले 36 घंटे में शीतलहर और मावठे की संभावना

**सीहोर।** जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे ठंड और बढ़ गई है। जिले में पिछले एक माह से तापमान लगातार गिर रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। इससे चल रही सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रही हैं, जिसके चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, क्षेत्र में मावठे (बारिश) की संभावना है। बारिश होने के बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। पिछले तीन दिनों से जिले में घना कोहरा छाया हुआ है। इससे लोगों की आवाजाही और यातायात प्रभावित हुआ है।

**किसानों और आम जनता के लिए चेतावनी :** मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों में भारी सर्दी के आसार जताए हैं। लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। किसानों को अपनी फसलों को पाले से बचाने के लिए खेतों की मेड़ों के आसपास धुआं करने की सलाह दी गई है।

## शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कहा शिक्षकों की तनख्वाह रोकना अन्याय पूर्ण और नियम के विरुद्ध

**सीहोर।** शिक्षकों में विभागीय कार्रवाही से कड़ा आक्रोश बना हुआ है। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने बुधवार को विधायक सुदेश राय के प्रतिनिधि राजकुमार जायसवाल रिंकू को ज्ञापन देकर वेतन दिलाने की मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर ने ई अटेंडेंस नहीं लगाने पर 1724 शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों को विधायक प्रतिनिधि जायसवाल ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर शिक्षकों की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। शिक्षकों ने कहा कि तनख्वाह रोकना अन्याय पूर्ण और नियम के विरूद्ध है। गांव में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण 1724 शिक्षक ई अटेंडेंस नहीं लगा पाए है। जिले में शिक्षक एप के माध्यम से ई अटेंडेंस लगाने में अनेक तकनीकी परेशानियों का सामना शिक्षकों को सामना करना पड़ रहा है। कई गाँव में नेटवर्क की समस्या है। कई जगह शिक्षकों के स्कूल में होने के बाद भी लोकेशन कई किमी दूर बता रहा है। कई शिक्षको का प्रोफाईल फोटो से चेहरा मैच नहीं हो पा रहा है। सूचना देने के बाद भी विभाग अनेक समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहा है। शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त बीएलओ का अति महत्वपूर्ण कार्य भी सौंप दिया गया है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.के आदेश में ईअटेंडेंस के लिए वेतन रोकने का प्रावधान नहीं है। ज्ञापन देने वालों में विनोद उपाध्याय जिलाध्यक्ष म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ,संजय सक्सेना जिलाध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संघ, विश्वजीत त्यागी जिलाध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ,मुकेश कुशवाहा जिलाध्यक्ष शासकीय शिक्षक संघ,संचाई सिंह परिहार जिलाध्यक्ष पुरानी पेंशन बहाली संघ शामिल रहे।

### स्टॉक और डिजिटल रिकॉर्ड का किया गया मिलान

# सरिया-सीमेंट व्यापारी के यहां जीएसटी टीम का छापा, रिकार्ड की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय बिजली घर चौराहे पर स्थित प्रतिष्ठित सरिया एवं सीमेंट कारोबारी फर्म मै. खेमचंद मदनलाल मामाजी चूने वाले के यहां बुधवार दोपहर जीएसटी की टीम ने दबिश दी। भोपाल से आए करीब एक दर्जन अधिकारियों के बेड़े ने जैसे ही प्रतिष्ठान को घेरा पूरे व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम में महिला अधिकारी भी शामिल रहीं, जिन्होंने बारीकी से दस्तावेजों की जांच पड़ताल की।

बता दें बुधवार दोपहर में शुरू हुई इस कार्रवाई में टीम ने सबसे पहले प्रतिष्ठान के एंट्री और एग्जिट पॉइंट को अपने घेरे में लिया। सूत्रों के अनुसार जीएसटी विभाग को टैक्स संबंधी कुछ गंभीर अनियमितताओं और इनपुट टैक्स क्रेडिट में गड़बड़ी की आशंका थी। टीम ने दुकान पर मौजूद सरिया और सीमेंट के भारी-भरकम स्टॉक का मिलान खरीद-बिक्री रजिस्टर और कंप्यूटर डेटा से शुरू किया है। बिल, वाउचर और लेजर बुक की भी पड़ताल की जा रही है।




**बेटे को लेकर घर पहुंची टीम :** जीएसटी टीम की यह कार्रवाई केवल दुकान तक ही सीमित नहीं रही। टीम के कुछ सदस्य संचालक के बेटे को साथ लेकर उनके निवास और अन्य संभावित ठिकानों पर भी पहुंचे। सूत्रों का कहना है कि विभाग जांच पड़ताल से यह देखना चाहता था कि कहीं कच्चे बिलों या समानांतर रिकॉर्ड का खेल तो नहीं चल रहा है। शहर के मुख्य चौराहे पर हुई इस बड़ी कार्रवाई की खबर आग की तरह शहर में फैली। देखते ही देखते आसपास के कई व्यापारियों ने अपनी गतिविधियों को सतर्कता से संचालित करना शुरू कर दिया।

**देर शाम तक चली कार्रवाई :** जीएसटी टीम की जांच पड़ताल देर शाम तक जारी रही। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्टॉक और डिजिटल रिकॉर्ड का मिलान किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही टैक्स चोरी या अन्य अनियमितताओं के वास्तविक आंकड़े सामने आएंगे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप




### मीना समाज सेवा संगठन के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बने विष्णु मीणा

**सीहोर।** मीना समाज सेवा संगठन प्रदेशअध्यक्ष रामनिवास रावत, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेश पटेल एवं जिला अध्यक्ष घनश्याम पटेल की अनुशंसा पर विष्णु मीणा निवारिया को मीना समाज सेवा संगठन का युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इनके मनोनयन पर पर श्यामपुर क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं युवाओं ने बड़ी मात्रा में एकत्रित होकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिनमें मुख्य रूप से ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष श्याम मीणा (केशव), जनपद सदस्य परमानंद मीणा, राकेश मीणा, सरपंच अशोक मीणा सोंटी, जिला मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम मीणा सीहोर, गोलू मीणा, रोहित, नागेश, संतोष मीणा सीहोर, नीरज मीणा, दीपक मीणा जमोनिया, सुनील यादव, जितेंद्र पाटीदार एवं संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा का 25 दिसंबर से शुभारंभ

**सीहोर ।** पौष मास शुक्ल पक्ष में 25 दिसंबर गुरुवार से 31 दिसंबर बुधवार तक रुणीचा धाम सरकार के कथावाचक पंडित आनंद मोहन शुक्ला द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा । पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे संकट मोचन हनुमान जी मंदिर से सुमधुर भजन ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा का प्रारंभ किया जाएगा जिसमें क्षेत्रवासी सम्मिलित होंगे। कथावाचक पंडित आनंद मोहन शुक्ला द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे सुमधुर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन श्रीकृष्णा कैंपस परिसर प्रियंका नगर में किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेम बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

## अवैध शराब से बिगड़ रहा गांव का माहौल, नशा परिवारों की बुनियाद हिला रहा

# थाने पहुंचीं महिलाएं- राला, अकावलिया, चींटीखेड़ा गांव में शराब बिक्री पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

**शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो और गांवों को नशा मुक्त बनाने के लिए नियमित निगरानी की जाए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

एक ओर प्रदेश व देश स्तर पर अवैध शराब के खिलाफ सख्त संदेश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नशे के खिलाफ सामाजिक लोगों व युवाओं संदेश देते हुए नशा नहीं करने की बात कर रहे हैं। तो वहीं अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद उनके ही गृह जिले और संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली भैरूंदा तहसील के ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। बुधनी क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि अब महिलाएं खुलकर सड़क और थाने तक उतर आई हैं। नशे से उजड़ते घर, बिगड़ता सामाजिक माहौल और बच्चों के भविष्य पर मंडराते खतरे ने महिलाओं को संगठित होकर विरोध के लिए मजबूर कर दिया है।

**महिला सरपंच के नेतृत्व में संगठित विरोध :** मंगलवार को ग्राम पंचायत राला, अकावलिया और चींटीखेड़ा की महिलाओं का आक्रोश उस समय खुलकर सामने आया, जब महिला सरपंच ममता प्रदीप बजाज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं थाना भैरूंदा पहुंचीं। महिलाओं ने थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर गांवों में डायरी सिस्टम से हो रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।



### बच्चों का भविष्य दांव पर

महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि शराब की वजह से घर का राशन, बच्चों की पढ़ाई और इलाज तक प्रभावित हो रहा है। कई परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो गांव का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

**सख्त कार्रवाई की मांग, आंदोलन की चेतावनी :** महिलाओं ने मांग की कि राला, अकावलिया और चींटीखेड़ा में डायरी सिस्टम से हो रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगे। शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो और गांवों को नशा मुक्त बनाने के लिए नियमित निगरानी की जाए।

महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह लड़ाई केवल शराब के खिलाफ नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य और गांव की शांति के लिए है। नशे के खिलाफ महिलाओं का यह संगठित विरोध प्रशासन के लिए एक कड़ा संदेश है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग कब तक और कितनी प्रभावी कार्रवाई कर पाते हैं।

### डायरी सिस्टम से चल रहा अवैध कारोबार

महिलाओं का आरोप है कि तीनों गांवों में शराब खुलेआम नहीं, बल्कि "डायरी सिस्टम" के जरिए बेची जा रही है। दुकानों और घरों से शराब दी जा रही है, जिससे ग्रामीण कर्ज के जाल में फंसते जा रहे हैं। मेहनत-मजदूरी की कमाई शराब में खत्म हो रही है और इसका सीधा असर घर की महिलाओं व बच्चों पर पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि पंचायत क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री हो रही है। कच्ची व देशी शराब की आसान उपलब्धता ने गांव का सामाजिक ताना-बाना कमजोर कर दिया है।

### घरेलू हिंसा और अशांति बढ़ी

महिलाओं ने पुलिस को अवगत कराया कि शराब पीकर लोग घरों में गाली-गलौज, मारपीट और झगड़े करते हैं। घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। चौक-चौराहों पर नशे में धुत लोगों की हरकतों से गांव का शांत माहौल और संस्कार प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि युवा वर्ग और किशोर तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं।

### पुलिस प्रशासन का आश्वासन

थाना प्रभारी ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए अवैध शराब बिक्री की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस द्वारा संबंधित गांव के क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और अवैध शराब पर सख्ती से अंकुश लगाने की बात कही गई है।

## भक्ति में लीन होकर जसपाल सिंह अरोरा भजनों पर थिरके, व्यास पीठ का भी किया पूजन

**सीहोर।** सीहोर विधानसभा क्षेत्र के श्यामपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया तो वहीं वे भक्ति में लीन होकर भजनों पर थिरकते भी नजर आए।



इस दौरान अरोरा ने व्यास पीठ पर विराजमान प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित गोविंद जाने जी का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया तो वहीं व्यास पीठ की पूजा अर्चना भी की। श्री अरोरा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के सुनने से ही व्यक्ति के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही दुनिया का सबसे श्रेष्ठ धर्म है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों का होना भी बेहद जरूरी है। सीहोर की धरती तो धार्मिक आयोजनों के लिए विश्व विख्यात है। इस दौरान अरोरा ने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कर रहे पाटीदार परिवार का भी साधुवाद किया एवं आभार भी प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लगातार होते रहे, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहे तो वहीं हमारी आने वाली युवा पीढ़ी भी ऐसे आयोजनों में शामिल होकर सनातन धर्म की रक्षा का बीड़ा उठाए।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरु

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सिवनी में आगामी 22 से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसको लेकर शहर के चर्च मैदान पर बने स्टेडियम में कोच आनंद पंसोरिया के मार्गदर्शन में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतियोगिता में चयनीत 16 खिलाड़ियों के अलावा अन्य को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संबंध में कोच श्री पंसोरिया ने बताया कि लंबे समय से यहां पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला बाक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पांच बालिका और 11 बालक का चयन किया गया है।

## विद्यार्थियों ने किया आईआईएसईआर व रीजनल साइंस सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण

**भैरूंदा।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय, भैरूंदा के विद्यार्थियों ने विज्ञान को कक्षा से बाहर वास्तविक रूप में समझने के उद्देश्य से 16 दिसंबर 2025 को एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा की। इस यात्रा में विद्यालय के कुल 44 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिनका दल भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल तथा रीजनल साइंस सेंटर भोपाल पहुँचा। यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय वैज्ञानिक संस्थानों, अनुसंधान संस्कृति और प्रयोगशाला आधारित अध्ययन से परिचित कराना था।



यह शैक्षणिक भ्रमण नोडल अधिकारी एवं पीजीटी केमिस्ट्री शिक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उनके साथ शिक्षक पंकज पंवार एवं दीपिका खरते भी उपस्थित रहे। आईआईएसईआर भोपाल में विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का परिचय दिया गया। दोपहर बाद विद्यार्थियों ने रीजनल साइंस सेंटर, भोपाल का भ्रमण किया, जहाँ विज्ञान की विभिन्न दीर्घाओं, कार्यशील मॉडलों और इंटरैक्टिव प्रदर्शनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विज्ञान को खेल-खेल में समझाने वाले प्रयोगों और प्रदर्शनों ने विद्यार्थियों की रुचि को और अधिक बढ़ाया।

# एक शाम शहीदों के नाम में किया सैनिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर







हमारे क्षेत्र में अनेक जवान ऐसे है, जिन्होंने देश के लिए कर्बानी दी है। जिनके बलिदान से देश सुरक्षित है, ऐसे राष्ट्र के वीर सपूतों का सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। उक्त विचार शहर के शहीद स्मारक स्थल पर देर शाम को आयोजित एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर के संयुक्त प्रयास से विजय दिवस पर एक शाम शहीदों के नाम सम्मान कार्यक्रम का आयोजन के दौरान बिग्रेडियर विनायक वशिष्ठ सेना पदक से सम्मानित ने कहे।

उन्होंने कहा कि मैं भारतीय जवानों और उनके परिवारों की ओर से मैं नगर पालिका का धन्यवाद प्रकट करना चाहता हूं। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि क्षेत्र के कई सैनिक के रूप में अपनी सकारात्मक ऊर्जा, अनुभव एवं विवेक का प्रयोग राष्ट्र, समाज एवं गौरवशाली सेनानियों के परिवारों के कल्याण एवं उत्थान में कर रहे हैं, जोकि देश-प्रदेश और हम सबके लिए गर्व की बात है। युवा किसी भी राष्ट्र और समाज के वास्तविक कर्णधार होते हैं, जो भविष्य की दिशा और दशा तय करते हैं। राष्ट्र की प्रगति, नवाचार और परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति इन्हीं में निहित होती है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी सेनाएँ आधुनिक तकनीक व हथियारों और उच्च मनोबल के साथ राष्ट्र की रक्षा में पूरी दृढ़ता से खड़ी हैं। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों व उनके परिजनों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। शहर के शहीद स्मारक स्थल सैकड़ाखेड़ी रोड पर एक शाम शहीदों के नाम भारतीय सेना विजय दिवस एवं शहीद कुंवर चैन सिंह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं एक्स सर्विस मैन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में शहीद सैनिक परिवार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कैप्टन सुरेन्द्र खरगौन, कैप्टन प्रसाद और नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा 15 शहीदों के परिवरजनों को पदक और स्मृति चिन्ह के अलावा 65 सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मान पत्र के अलावा स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देश की आजादी के महानायक शहीद कुंवर चैन सिंह स्मारक स्थल पर भारतीय सेना के बलिदानी सैनिक परिवार एवं रणबॉकुरें 1971 के योद्धा सैनिकों का सम्मान किया गया था। इस मौके पर देश भक्ति गीत की प्रस्तुति, देश भक्ति नृत्य और राष्ट्रगान आदि का आयोजन किया गया।

## सुरक्षा का शक्ति प्रदर्शन, आरएएफ ने निकाला फ्लैग मार्च, आमजन को दिया गया भरोसा

**रेहटी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 107 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा रेहटी नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। सहायक कमांडेंट श्री नदी बाबू ओझीला के नेतृत्व में जवानों ने थाना क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे एवं उपनिरीक्षक नंदराम अहिरवार ने अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे और स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



फ्लैग मार्च निकालने का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करना, शांति व सौहार्द बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि यह मार्च पूरी तरह एहतियाती कदम के रूप में निकाला गया है। रैपिड एक्शन फोर्स की स्थापना 1992 में की गई थी। यह बल दंगा नियंत्रण, संवेदनशील क्षेत्रों में तैनाती और आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए जाना जाता है। आरएएफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वह कम समय में हालात पर नियंत्रण स्थापित कर सके।फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय लोगों में पुलिस और आरएएफ की मौजूदगी से सुरक्षा को लेकर विश्वास देखने को मिला।

## पुलिस प्रशासन, कमांडो के जवानों ने नगर की गलियों में किया फ्लैग मार्च

# कानून-व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द्र के लिए आरएएफ का 'परिचय अभ्यास', जनता की सुरक्षा ही सर्वोपरि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले में शांति, कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स की 107 बटालियन द्वारा सीहोर जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 'परिचय अभ्यास' संचालित किया जा रहा है। यह अभ्यास 15 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसका मुख्य फोकस आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित चुनौतियों से पहले तैयारी को मजबूत करना है।

**वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में फ्लैग मार्च**

परिचय अभ्यास के तहत आएएफ की टीमों ने जिले के थाना क्षेत्रों का दौरा शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस थाना भैरुंदा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी की उपस्थिति ने प्रशासनिक समन्वय को मजबूती दी। सहायक कमांडेंट नंदी बाबू ओगिराला ने बताया कि कमांडेंट जगदीश प्रसाद बलाई के नेतृत्व में दो टीमें सभी थानों में जाकर जमीनी स्तर पर आकलन कर रही हैं।



### जनता–प्रशासन के बीच विश्वास की डोर

अभ्यास का एक महत्वपूर्ण पहलू सिविल प्रशासन, स्थानीय पुलिस और RAF के बीच तालमेल को मजबूत करना है। इसके साथ ही राजनीतिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जीवन-रक्षक सेवाओं से जुड़ी सूचनाएं भी संकलित की जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि इससे संकट की घड़ी में समन्वित कार्रवाई संभव होगी और आम जनता में सुरक्षा एजेंसियों के प्रति भरोसा और गहरा होगा। प्रेस नोट के अनुसार आएएफ का गठन 7 अक्टूबर 1992 को हुआ था। दंगों व सामूहिक हिंसा की स्थितियों में त्वरित हस्तक्षेप कर शांति बहाल करना इसका प्रमुख दायित्व है। वर्तमान में 107 बटालियन हिनोतिया (जिला रायसेन) में तैनात है और सीहोर सहित आसपास के क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही है।

### पुलिस प्रशासन की जनता की सुरक्षा सर्वोपरि

आएएफ का यह 'परिचय अभ्यास' स्पष्ट संदेश देता है कि प्रशासन किसी भी अप्रिय स्थिति से पहले पूरी तैयारी में है। क्षेत्रीय जानकारी, संवेदनशीलता का आकलन और नागरिकों से संवाद—इन तीनों के समन्वय से सीहोर में शांति और सुरक्षा की मजबूत ढाल खड़ी की जा रही है। निष्कर्षतः, यह पहल न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द और जनविश्वास को भी नई मजबूती देगी।

### गश्त नहीं, सूक्ष्म विश्लेषण है लक्ष्य

यह अभ्यास केवल नियमित गश्त तक सीमित नहीं है। आएएफ की टीमें क्षेत्र का विस्तृत विश्लेषण करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्र कर रही हैं—

**भौगोलिक व सामाजिक संरचना:** जनसंख्या, साक्षरता, सामाजिक ताने-बाने और स्थानीय परिस्थितियों का अध्ययन।

**संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान:** सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील व अति-संवेदनशील इलाकों का वर्गीकरण।

असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर: उपद्रवी व दंगाइयों से संबंधित सूचनाओं का अद्यतन, ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो।

मानचित्रण (**Mapping**): पूरे क्षेत्र का सटीक नक्शा तैयार कर तैनाती और प्रतिक्रिया समय को न्यूनतम करना।

### दो दिवसीय सहकारी प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ




**सीहोर।** कृषि उपज मंडी सीहोर में सहकारिता विभाग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला सहकारी संघ मर्या. सीहोर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय सहकारी प्रदर्शनी का शुभारंभ सुधीर केतवास प्रभारी उपआयुक्त सुनील सक्सेना, अंकेक्षण अधिकारी मनोज शर्मा, प्रभारी कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कृपाल सिंह डुगारिया, जिला नोडल अधिकारी भोपाल दुग्ध संघ जिला सीहोर तेजसिंह ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी संघ सीहोर द्वारा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सहकारी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत तेजसिंह ठाकुर द्वारा पुष्पमालाओं से किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा भोपाल दुग्ध सहकारी संघ, बहुउद्देशीय महिला जागृति सहकारी संस्था रेहटी, काष्टकला, उद्योगी सहकारी संस्था बुधनी, लघुवन उपज सहकारी संस्था के उत्पाद एवं बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्था निपानियाकलां के जन औषधियों का अतिथियों द्वारा निरीक्षण करते हुए कहा कि शासन की योजनानुसार सहकारिता के माध्यम से जनविकास हो, इसी तारतम्य में पुरे प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से जनजगृति हेतु सहकारी प्रदर्शनी, सहकारी सम्मेलन एवं सहकारी रथ द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर के माध्यम से सहकारी प्रदर्शनी का आयोजन कर सहकारी प्रचार-प्रसार हेतु रथ रवाना किया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के अधिकारी कर्मचारी, भोपाल दुग्ध संघ के अधिकारी व पर्यवेक्षणगण, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक निपानियाकलां के प्रबंधक एवं जिला सहकारी संघ के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त प्रदर्शनी का समापन 18 दिसम्बर को सांय 5 किया जाएगा।

बिना परमिट, बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र वाले वाहनों पर की गई कार्रवाई

# सुरक्षा व वैधानिक मानकों का अक्षरश: करें पालन

बोडा-पचोर क्षेत्र की स्कूल बसों की जांच, 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई, एक बस जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने चलाए जा रहे अभियान में जिला परिवहन विभाग एवं यातायात ने मिलकर मंगलवार को पचोर-बोडा के स्कूलों की बसों की जांच की। लगभग 6 घंटे इस अभियान में अधिकतर स्कूलों की बसों की फिटनेस, परमिट, प्रदूषण व बीमा को चेक किया गया एवं जिन गाड़ियों या बसों में कोई भी कमी लगी उन पर 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि आयुक्त परिवहन विभाग के निर्देश पर स्कूल बसों एवं अन्य यात्री बसों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है।

मंगलवार को बोड़ा एवं पचोर क्षेत्रों में स्कूल परिसरों में पहुंचकर विशेष जांच की गई। इस दौरान एक स्कूल बस का परमिट समाप्त पाया गया, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर बोड़ा थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन पोर्टल के अवलोकन में यह तथ्य सामने आया है कि जिले में अनेक ऑटो, ई-रिक्शा एवं स्कूल बसें बिना वैध बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र के संचालित हो रही हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध आवश्यकता अनुसार चालानी एवं जब्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## परिवहन विभाग व यातायात पुलिस टीम ने की जांच

जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य तथा आरटीओ चेक प्वाइंट राजगढ़-1 की प्रभारी अनामिका कोली एवं देवराज पाण्डेय, पंचम एसआई जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थ राजदेव शर्मा एवं प्रेमनारायण कुरैचया के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की गहन जांच की। जांच के दौरान यह परखा गया कि वाहन परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं या नहीं।कार्रवाई के दौरान वाहनों के बीमा प्रमाणपत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।

### अधिकारी बोले - बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

*जांच कर रहे अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की गई है कि वे सभी सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों का अक्षरश: पालन करें, अन्यथा आगे और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजगढ़ में स्कूल बसों की सघन जांच 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई, एक बस जब्त' अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की गई है कि वे सभी सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों का अक्षरश: पालन करें, अन्यथा आगे और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

संवाद से समाधान के तहत कार्यवाही के साथ समस्याएं भी सुलझाई

# फर्जी केसीसी बनाने वाले संस्था प्रभारी को निलंबित करने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जनसुनवाई की तर्ज पर हर मंगलवार जिले में संवाद से समाधान कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसके तहत शिकायतकर्ता एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को आमने-सामने बैठाकर समस्या का समाधान करवाते हुए दोषियों पर कार्यवाही भी की जाती है।

इसी कड़ी में शिकायतकर्ता महेश यादव ने बताया कि उनके भाई बद्रीलाल के नाम पर समिति सेकट्री द्वारा फर्जी केसीसी बनाकर डेढ़ लाख रुपए कीमती खाद निकाला गया है। तहसील से नोटिस आने पर उन्हें इस बारे में पता लग पाया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित संस्था प्रभारी शिवनारायण यादव के वेतन से वसूली करने एवं निलंबित करने के निर्देश प्रदान किए गए। एक शिकायत में आमलाबे के भगवान पंवार ने बताया कि उन्होंने सहकारी समिति में नकद राशि जमा की लेकिन उन्हें वह राशि नहीं लौटाई जा रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित समिति को नोटिस जारी कर संस्था प्रभारी की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए।

### संस्था प्रभारी के वेतन से की जाएगी वसूली

शिकायतकर्ता कमल परिहार ने बताया गया कि सहकारी समिति भोजपुर में किसान बनेसिंह को खाद नहीं मिल पा रहा है क्योंकि आवेदक के खाते से किसी दूसरे को खाद बेच दिया गया है। खाद न लेने के बावजूद उनके नाम से खाद का परमिट काट दिया गया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित संस्था से वसूली की जांच के निर्देश देते हुए तत्कालीन संस्था प्रभारी बद्रीलाल दांगी से 24 हजार 840 रूपये की वूसली करने के निर्देश दिए।

## अस्पताल परिसर से महत्वपूर्ण रिकॉर्ड चोरी, अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज

**नरसिंहगढ़।** सिविल अस्पताल परिसर से महत्वपूर्ण कार्यालयीन रिकॉर्ड चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 672/25 के तहत धारा 303(2) बीएनएस एवं 379 आईपीसी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी गजेंद्र सोनी (39), पिता बाबू सोनी, निवासी शहीद कॉलोनी ब्यावरा ने पुलिस को बताया कि दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे से लेकर 16 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने अस्पताल परिसर स्थित एक कमरे में रखे भुगतान पत्रक, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य पुराने महत्वपूर्ण रिकॉर्ड चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट 13 दिसंबर को थाना नरसिंहगढ़ में दर्ज कराई गई।

आमजनों की समस्याओं पर प्रशासन सख्त

# जनसुनवाई में अनुपस्थित 7 अफसरों पर लगाया 3-3 हजार रु. का जुर्माना

**राजगढ़।** जिले के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों सहित विभिन्न अंचलों के आमजनों की समस्याओं को मौके पर सुलझाने एवं त्वरित निराकरण में कुछ विभागों के आलाधिकारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। कई बार तो जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभाग प्रमुख औपचारिकता निभाते हुए स्वयं के स्थान पर विभाग के लिपिक या अन्य किसी कर्मचारी को भेज दिया करते हैं। ऐसे में आवेदकों एवं शिकायतकर्ताओं की समस्याओं त्वरित निराकरण नहीं हो पाता।

विभिन्न विभाग प्रमुखों द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई की लगातार इस तरह अनदेखी पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सात विभाग प्रमुखों पर 3-3 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। इसके साथ ही सभी को तल्ख निर्देश प्रसारित किए गए हैं कि वे हर मंगलवार की जनसुनवाई अनिवार्यतः स्वयं उपस्थित रहे।



### इन अधिकारियों पर लगाया गया जुर्माना

*कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनसुनवाई में अनुपस्थित जिन अधिकारियों पर जुर्माना लगाया है। पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री आरएल रैकवार, जिला रोजगार अधिकारी एनवी संतोष कुमार, लीड बैंक मेनेजर सुखबीर सिंह, जिला आयुष अधिकारी आरएन गर्ग, जिला खाद्य अधिकारी अजीत सिंह, जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री बसंत सूर्यवंशी शामिल हैं।*

## महिला मोर्चा में सुनीता विश्वकर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त



**ब्यावरा।** समाज सेवा एवं संगठनात्मक कार्यों में लगातार सक्रियता से कार्य करने वाली वाली ब्यावरा जिला राजगढ़ की सामाजिक कार्यकर्ता सुनीता विश्वकर्मा को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मध्यप्रदेश महिला मोर्चा के भोपाल संभाग में प्रदेश संगठन महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज में हर्ष है। समाज के ईस्ट मित्रों, सहयोगियों और गणमान्यजनों ने सुनीता विश्वकर्मा को बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। नव नियुक्ति पर सुनीता विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नारायणजी विश्वकर्मा, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद विश्वकर्मा, महिला प्रदेशअध्यक्ष माधवी विश्वकर्मा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

## बाल मेले से बच्चों को मिलते हैं उद्यमिता के शुरुआती पाठ : तहसीलदार



**सारंगपुर।** मेले का नाम सुनते ही मन प्रफुल्लित हो जाता है। बाल मेले से बच्चों में आपसी सहयोग, उत्साह और आत्मविश्वास की भावना विकसित होती है। जब बच्चे मेले में स्वयं स्टॉल लगाकर अपनी बनाई वस्तुएं बेचते हैं, तो उन्हें कमाई का अनुभव होता है और यहीं से वे उद्यमिता के शुरुआती पाठ सीखते हैं। बाल मेला बच्चों को आत्मनिर्भर, रचनात्मक और मिलनसार बनाता है। उक्त उद्गार आकाश शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर ने स्थानीय शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में वार्षिक शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित बाल मेले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रबंधक रमेश चंद्र जोशी ने की। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मेले में लगाए गए प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन किया गया। इस बाल मेले में बच्चों द्वारा कुल 35 स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या सुमन जोशी सहित वरिष्ठ शिक्षक आनंद जोशी, संतोष जैन, केसरिमल टेलर, आनंद उपाध्याय, शैलेन्द्र जोशी, कृष्णाकांत बामनिया, रविंद्र जोशी एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

## शासकीय अध्यापक संगठन के बैनर तले पहुंचे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के नवीन शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार शाम डीईओ दफ्तर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिला शिक्षाधिकारी की अनुपस्थिति में जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र परमार को सौंपे गए इस ज्ञापन में मांग रखी गई कि नवीन शिक्षक संवर्ग ऐसे शिक्षकों जिन्हें सेवारत रहते 12 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनके प्रथम क्रमोन्नति आदेश जल्द जारी किए जाए। इसके साथ ही जिन माध्यमिक शिक्षकों को सेवारत रहते हुए 24 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं उनके द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान आदेश की जिला स्तरीय प्रक्रिया पूर्ण कर जेडी कार्यालय भिजवाई जाए। इसके साथ ही जिले में अनेकों शिक्षकों के डीए एवं एरियर राशि का अविलंब भुगतान करवाया जाए।



ज्ञापन के अवसर पर संगठन जिलाध्यक्ष भगवान सिह राणावत, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज शर्मा, मनोहर सिंह परमार, अशोक शर्मा, सुल्तान सिंह सौलंकी, रामबाबू राव, शाहिद खान, चंपालाल दांगी, सत्यनारायण लोधा, रामबाबू गुर्जर, नरसिंह तोमर, रमेशंचद्र कारपेंटर, बालचंद दांगी, देवेंद्र सिंह परमार, मांगीलाल तंवर, श्यामलाल दांगी, महेंद्र डोढ़, घीसालाल चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

## कला व विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़


मंगलवार को नगर के जोसफ कान्वेंट स्कूल में आयोजित विद्यालय स्तरीय कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच देखने को मिली। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक कला कृतियाँ और उपयोगी विज्ञान प्रोजेक्ट तैयार कर प्रदर्शित किए, जिन्हें देखकर अभिभावक और नागरिक खासे प्रभावित नजर आए। प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं अपने-अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली और उद्देश्य को सरल भाषा में समझाया। विज्ञान प्रोजेक्ट्स में पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट मॉडल सहित कई नवाचारी विचार प्रस्तुत किए गए, वहीं कला अनुभाग में चित्रकला, हस्तशिल्प और रचनात्मक मॉडल आकर्षण का केंद्र बने रहे।

## जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है : कथा व्यास



**खुजनेर।** खाटू श्याम मंदिर खुजनेर धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास बाल संत पंडित वेद प्रकाश शास्त्री द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनते ही संपूर्ण पांडाल भक्तिरस में डूब गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का दिव्य वर्णन प्रारंभ हुआ। वातावरण नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की आंखें भक्तिरस से छलक उठीं और सभी भक्त भाव-विभोर होकर भजन-कीर्तन में झूमने लगे। फूलों की वर्षा के बीच बाल गोपाल के जन्म का उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित वेद प्रकाश शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग के माध्यम से बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य संदेश है। श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रेम, करुणा, सेवा, त्याग और कर्तव्य का मार्ग प्रशस्त होता है।

## हमें बेवजह घमंड नहीं करना चाहिए : पं. नागर



**जीरापुर।** हमें बेवजह घमंड नहीं करना चाहिए। क्योंकि प्रभु की इच्छा के बिना एक पत्ता नहीं हिल सकता। शिव महापुराण कथा में पंडित ललित नागर सेंधवा वाले ने कहते हुए बताया कि रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वह जो चाहेगा वह होगा और घमंड यदि करना ही तो शिव को एक लोटा जल और एक बिल पत्र चढ़ाने का करें। जीवन में कुछ ऐसा करके जाए कि कृष्ण राम भी आपका इंतजार करें क्योंकि यह दुनिया तो सिर्फ सुखी समय में साथ दिखने वाली है जब आपका समय कष्ट प्रद है तो आपसे कोई पूछने वाला नहीं है और दुःखी समय में सहयोग कोई नहीं करेगा।

## बंसल कॉलेज का विजिट किया



**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएमश्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अध्ध्यनरत साइंस के विद्यार्थियों की विज्ञान के क्षेत्र में रुचि एवं खोज की दृष्टि से भोपाल बंसल कालेज ऑफ साइंस की विजिट कराई गई जिससे विधार्थियों को कुछ नया सीखने ओर देखने का अवसर प्राप्त हुआ। कालेज की विजिट से शिक्षकों और विधार्थियों में उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ संस्था के संकुल प्राचार्य केवलसिंह भिलाला के द्वारा विद्यालय के सम्पूर्ण विकास के लिए नित नए प्रयोग और अवसर विधार्थियों को उपलब्ध करवाने में कोई कमी महसूस नही होने दी जाती है। उनका एक ही लक्ष्य विधार्थीयो और विद्यालय का विकास के लिए कार्य करते रहने में पूरी ऊर्जा उत्साह और उमंग के साथ कार्य किया जाता है प्रत्येक विधार्थी को अवसर प्रदान करना ग्रामीण क्षेत्र में सराहनीय कार्य है।

चौबीस घंटों में अलग-अलग रूप में करवटें बदल रहा तापमान

# मौसम: तड़के कोहरा, दिन में धूप तो रातें कंपा रही हाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले का तापमान बीते कई दिनों से लगातार करवटें बदल रहा है। बीते दो दिनों से सुबह-सुबह घने कोहरे, दिन के समय धूप और रात के समय भीषण सर्दी ने लोगों को हलाकान कर रखा है। सुबह का आलम तो यह है कि तड़के 5 बजे से 7 बजे तक जहां पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाता देखा जा रहा है तो पूरे दिन तीखी धूप का मजा लोग ले रहे हैं। वहीं, रात्रि के समय भीषण सर्दी लोगों के हाड़ कंपा रही है। शाम 5-6 बजे के आसपास धूप छटते ही कड़ाके की ठंड का सामना लोगों का करना पड़ रहा है। दिन के चैबीस घंटों में मौसम के ये अलग-अलग मिजाज लोगों को राहत के साथ-साथ परेशानियों में भी डाल रहे हैं। हालांकि, बीते एक हफ्ते की बात करें तो जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही बना हुआ है।

### गौसवक जलवा रहे अलाव, पर नपा भूली

रात्रि के समय पड़ रही भीषण सर्दी के चलते नगर के गौसेवकों द्वारा गौवंश को सर्दी से बचाने नगर सहयोग से विभिन्न स्थानों पर अलावों जलवा रहे हैं। लेकिन, अगर बात नगर पालिका की करें तो सार्वजनिक स्थलों जैसे अस्पताल, बस स्टैंड, मुख्य चौराहों इत्यादि स्थानों पर नपा ने अभी तक अलाव जलवाना शुरू नहीं करवाया है।

### 7 दिनों में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री, सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 16 दिसंबर | 5.0 |
| 15 दिसंबर | 5.4 |
| 14 दिसंबर | 5.6 |
| 13 दिसंबर | 5.6 |
| 12 दिसंबर | 5.2 |
| 11 दिसंबर | 5.0 |
| 10 दिसंबर | 5.2 |

# शास. महाविद्यालय में विजय दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विजय दिवस मनाया गया। जहां पर प्राचार्य प्रो पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार की अध्यक्षता में विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ वंदना चुटैल ने भारतीय सेना के अदम्य शौर्य का वर्णन किया। 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान वीर सेनानियों के द्वारा बांग्लादेश को बचाया। डॉ सचिन शर्मा एवं अनुपम आचार्य के द्वारा छात्र छात्राओं को देश की रक्षा हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ ओम गुप्ता, डॉ कमल अहिरवार, डॉ रश्मि सोनी, डॉ महेश नरवरिया, प्रो कनिज अंसारी, राजेन्द्र कुमार शर्मा, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन दिनेश दांगी के द्वारा एवं आभार कपिल वैष्णव ने माना।

**खबर संक्षेप**

## पशुपालकों के घर-घर जाकर किया संपर्क



**आष्टा।** मुख्यमंत्री की मंशानुरूप मध्य प्रदेश के दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा मध्य प्रदेश में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण प्रारंभ किया जा रहा है। पशु पालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव, जिला कलेक्टर के निर्देशन और उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला सीहोर के मार्गदर्शन में आष्टा के ग्राम वफापुर 5 से 9 दुधारू पशु रखने वाले पशुपालकों के घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है। उक्त संपर्क के दौरान पशुपालकों से पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य और नस्ल सुधार के बारे में चर्चा की गई एवं नस्ल सुधार को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम गर्भाधान और सेक्स सॉर्टेड सीमन का प्रयोग करने के लिए डा. यू एस माहेश्वरी सीनियर वेटनरी सर्जन और शुभम कर्ण ने वफापुर के पशुपालकों को मार्गदर्शन दिया गया।

## विद्यार्थियों को मिलेगा नया अवसर

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर द्वारा नियमित रूप से अध्ययन नहीं कर पाने वाले विद्यार्थियों के लिए प्राइवेट अध्ययन की सुविधा शुरू की जा रही है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर स्वाध्यायी/प्राइवेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश की यह व्यवस्था लागू की गई है, जिससे कार्यरत विद्यार्थियों, दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों तथा अन्य कारणों से नियमित कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पाने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार स्नातक स्तर पर प्राइवेट अध्ययन के लिए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए फीस निर्धारित की गई है।

### आष्टा जनपद का ग्राम मैना मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत होगा विकसित

# बैठक में गांव को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बनाई गई कार्ययोजना

जनपद पंचायत में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की एवं वृंदावन ग्राम मैना के सम्पूर्ण विकास एवं ग्राम को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कार्य योजना बनाई गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विधानसभा क्षेत्र का ग्राम मैना को मुख्यमंत्री वृंदावन योजना में चयन किया गया है। अब इस ग्राम मैना का सम्पूर्ण विकास इस योजना के तहत होगा। इसको लेकर जनपद पंचायत में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की एवं वृंदावन ग्राम मैना के सम्पूर्ण विकास एवं ग्राम को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कार्य योजना बनाई गई ।बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, एसडीएम,सीईओ विशेष रूप से उपस्तिथ थे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कीमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना में आष्टा विधानसभा का ग्राम मैना को चुना गया है। अब हमारा ये ग्राम मैना आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगा।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की इस योजना के अंतर्गत ग्राम के विकास एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिये गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया किराज्य शासन की अवधारणा है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किये जायें ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर हों। इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गौवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध-उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जहां स्वच्छता एवं हरियाली के साथ-साथ गौसेवा और आध्यात्मिकता से समन्वित आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रत्यक्षतः दृष्टिगोचर हो और ग्राम ₹वृन्दावन₹ के रूप में साकार हो सके। मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के उद्देश्यों में गौपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देना।

ग्राम को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय का प्रसार करना, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण तथा सौर ऊर्जा संबंधी गतिविधियों को जनभागीदारी से क्रियान्वित करना, चारागाह विकास, ग्राम में शिक्षा,स्वास्थ, अधोसंरचना विकास, ग्रामीण परिवारों का रोजगार/स्वरोजगार आधारित आर्थिक सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों को अपनाते हुए सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना शामिल है।चयनित वृन्दावन ग्राम मैना में विभिन्न विभागों के माध्यम से जो सुविधाएं उपलब्ध करायी जाना है, वे 6 श्रेणियों में होगी। चयनित वृन्दावन ग्राम में अधोसरंचना के लिए गौशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आँगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, सोलर स्ट्रीट लाइट,ई पुस्तकालय, सर्वसुविधायुक्त आजिविका भवन/ग्रामीण आजीविका के लिए वर्कशेड, पशु चिकित्सालय, ग्राम तक कनेक्टिविटी, ग्राम के अंतर्गत आंतरिक सड़कें/नाली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एवं गोडाउन, हर घर जल (सोलर उर्जा आधारित पम्प के माध्यम से), ग्रामीण उद्योग आधारित आर्ट एण्ड क्राफ्ट सेंटर, बायोगैस सयंत्र, शांतिधाम निर्माण, गौ-समाधि स्थल, सेग्रीगेशन शेड, जल निकासी के लिए नाली, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, ग्राम में विद्युत प्रवाह के लिए सौर उर्जा एवं गैर परम्परागत उर्जा क्षेत्र में विकास, पात्र परिवारों के लिये जलवायु अनुकूल आवास तथा (व्यक्तिगत शौचालय), सार्वजनिक उद्यान (पार्क), सार्वजनिक शौचालय, सिंचाई स्त्रोत विकास एवं ड्रिप एरीगेशन की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। आजीविका संबंधी गतिविधियों में नंदन फलोद्यान, पोषण वाटिका, दुग्ध कलेक्शन सेंटर, लघु वनोपज आधारित लघु उद्योग, कृषि/फल उपज आधारित उद्योग, ग्राम में उपलब्ध कौशल आधारित सेवाओं के विकास की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।वाटर कनजर्वेशन संबंधी जल संचयन संरचनाएं, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, नलकूप रिचार्ज, डगवेल रिचार्ज, स्टॉप डेम/चेकडेम, तालाबों का संरक्षण इसी प्रकार पंचायत सशक्तिकरण संबंधी में स्वयं की आय के स्त्रोत का विकास तथा ई-पंचायत /CSCकी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

विशेष लक्ष्य में प्राकृतिक कृषि, धार्मिक स्थलों, भूमियों का संरक्षण, घर से कचरा उठाने स्वच्छता वाहन, ग्रे वाटर मैनेजमेंट, मल-कीचड प्रबंधन, राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करना, शत प्रतिशत समग्र ईकेवाइसी, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम-स्टे, ग्राम के आर्ट एवं क्राफ्ट को बढ़ावा देने के लिए हस्तशिल्प कला केन्द्र, ग्राम की शालाओं, आंगनबाडियों में अध्यनरत बच्चों के लिये पौष्टिक भोजन, अतिक्रमण मुक्त ग्राम तथा ग्राम की स्थानिक योजना की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इसको लेकर आज बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।आज इसके साथ ही मप्र सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अपने विभागों में दो वर्ष में जो विकास के कार्य हुए उसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएं जल्द ही विधानसभा स्तरीय विकास और सेवा को समर्पित दो साल को लेकर कार्यक्रम की भी रूपरेखा तैयार की गई। संबल योजना के तहत जनपद में करीब 20 हितग्राहियों में से 16 को दो-दो लाख के और 4 को चार-चार लाख के योजना के तहत स्वीकृत राशि के चैक भी वितरित किए गए।

# बच्चों को काराया थाने का शैक्षणिक भ्रमण

### कानून व्यवस्था की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना आष्टा पुलिस द्वारा सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण और आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत, युवा विकास मंडल संस्था के सहयोग से इंदिरा कॉलोनी आष्टा के 13 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का थाना आष्टा में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, आत्मरक्षा एवं सामाजिक-कानूनी जागरूकता बढ़ाना रहा। थाना भ्रमण के दौरान बच्चों को दी गई जानकारी दी गई।

थाने की कार्यप्रणाली की भी विस्तृत जानकारी बच्चों को दी गई। सायबर रूम, मालखाना, थाना प्रभारी कक्ष एवं महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन किया। साथ ही हवालात की प्रक्रिया संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही बाल मित्र कक्ष व महिला ऊर्जा डेस्क के उद्देश्य और उपयोगिता के बारे में समझाया गया।

आज के समय में बढ़ते सायबर अपराध के चलते बच्चों को सायबर सुरक्षा, सायबर अपराध एवं सायबर फ्रॉड से बचाव व संबंधित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिला संबंधी अपराध एवं उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। दहेज प्रथा, करियर मार्गदर्शन एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े प्रश्नों पर संवाद किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पुलिस अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक व सरल भाषा में दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी गिरीश दुबे, थाना स्टाफ, लगभग 60 बच्चे एवं अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित थे। सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों व युवाओं को आत्मविश्वासी, जागरूक, जिम्मेदार नागरिक बनाते हुए एक सुरक्षित, समान और न्यायसंगत समाज की स्थापना में योगदान देना है।

## उमेश ताम्रकार का निधन, दी श्रद्धांजलि



**आष्टा।** नगर के समाजसेवी परिवार के स्व. पुष्प कुमार ताम्रकार दादाभाई पूर्व पार्षद के सुपुत्र हंस कुमार, मनोज ताम्रकार के भतीजे व कमलेश मुकेश, राजा ताम्रकार के भाई भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता उमेश ताम्रकार का निधन हो गया था। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के वरिष्ठ समाज सेवी और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागौरी ,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा,पूर्व पार्षद रवि सोनी,पार्षद रवि शर्मा,रूपेश राठौड़,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत सिंगी,मनीष पालीवाल,लखन मुकाती,अनिल सोनी सहित बड़ी संख्या में अंतिम यात्रा में शहर के नागरिक शामिल हुए।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने किया गुजरात का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि सीएमराइज़ शासकीय उमावि आष्टा के कनक परमार और अमित मेवाड़ा ने हाई स्कूल परीक्षा 2025 में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए थे। म.प्र. शासन ने सी.एम. राइज़ विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक सप्ताह के शैक्षिक भ्रमण पर गुजरात भेजा था। सी.एम. राइज़ विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि इन विद्यार्थियों ने सोमनाथ मंदिर के दर्शन करें और सोमनाथ के प्रसिद्ध स्थलों को देखा इसके साथ ही गांधी आश्रम, आई.आई.एम. अहमदाबाद, इसरो, साबरमती रिवर फ्रंट, आईआईटी गांधीनगर, दांडी कुटीर- जो भारत के राष्ट्रपिता के जीवन और शिक्षण पर आधारित सबसे बड़ा म्यूजियम है।

सांइस सिटी, अक्षरधार टेंपल, आनंद की अमूल डेयरी एवं एकता नगर स्थित स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, सरदार सरोवर बांध, भारत वन (फूलों की घाटी) केक्टस उद्यान, तितली गार्डन आदि का भ्रमण किया और लाइट एंड साउंड शो भी देखा। गुजरात भ्रमण से वापस आने पर दोनों विद्यार्थियों का पुष्पमाला पहनाकर विद्यालय में स्वागत किया गया। कनक परमार ने विद्यार्थियों को बताया कि शिक्षकों की बातों पर ध्यान दें और उनका पालन भी करें। अमित मेवाड़ा ने विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासन का विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व है और सी.एम. राइज़ विद्यालय आष्टा में बहुत मेहनती और प्रतिभाशाली शिक्षक है, जिनके माध्यम से प्रत्येक छात्र लक्ष्य प्राप्ति कर सकता है।

प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान मिलता है, और उनमें सामाजिक कौशल का विकास होता है और वो स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम होतें है। नए अनुभव उनमें सृजनात्मकता का विकास करते है, जिससे उनमें अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों को विद्यालय के शिक्षक अंत्येश धारवां, असमा खानम, पदमा परमार, भूपेन्द्र सिंह, डॉ. स्मिता नायर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, पवन राया, जितेन्द्र धनवाल, सतीश वर्मा, विजय अडगले, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर आदि ने बधाई दी।

# नगर द्वार किलेरामा में जैन मुनि सिद्धांत सागर महाराज का हुआ ससंघ पाद प्रक्षालन और स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



वर्षा वास की पूर्णता के बाद संतो का विहार होता है इसी क्रम में जैन तीर्थ कुंडलपुर के निकट प्रसिद्ध बेला जी तीर्थ प्रणेता श्रावकोद्धारक संत आचार्य सिद्धांत सागर जी महाराज का ससंघ मंगल विहार चल रहा है। बुधवार की सुबह पूज्य आचार्य संघ का मंगल आगमन नगर आष्टा में होने से पूर्व नगर द्वार किलेरामा में पूर्व नपाध्यक्ष तथा अनन्य संत भक्त प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार एवं परिवार जन ने आचार्य सिद्धांतसागर व संघस्थ मुनि सन्तोष सागरजी तथा एलक सहज सागर जी का पाद प्रक्षालन कर स्वागत कर मुनि संघ की अगवानी की । आचार्य सिद्धांत सागर जी महाराज ने अपने मंगल आशीष में कहा कि कर्म और कथन की एकरूपता मनुष्य को कभी विचलित नही होने देती । सादगी का अपना वैभव होता है सादगी में दिव्यता स्वमेव प्रकट हो जाती है । अपने कार्य और व्यवहार में शुचिता समर्पण और निष्ठा बनाए रखेंगे तो सामाजिक धार्मिक और सार्वजनिक जीवन मे सफलता के लिए कृत्रिम और अस्वीकार्य तरीके अपनाने की कभी जरूरत नही पड़ेगी। आचार्य श्री ने कहा कि आष्टा में पर्याप्त आस्था है इसे बनाए रखें और निबाहते भी रहें। पूज्य मुनि संघ ने कैलाश परमार ,अभिभाषक गण सुरेन्द्र सिंह परमार, वीरेंद्र सिंह परमार ,पल्लव जैन प्रगति, श्री मति राखी परमार सहित सभी परिजन एवम उपस्थित जन को आशीर्वाद दिया, इस अवसर अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा पार्षद कमलेश जैन, संजय जैन सात्विक, विनोद जैन, लक्ष्मी नारायण परमार आदि भी उपस्थित थे तत्पश्चात मुनि संघ अलीपुर स्थित चन्द्रप्रभ जैन मंदिर पहुंचा। पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि उनके पूर्वजों के अथक प्रयासों से उनका आवास इंदौर भोपाल हाइवे पर स्थित है फलस्वरूप संतो के दर्शन आशीष अल्प प्रयास से मिलते है इसी कारण जीवन की आपदाएं विपदाएं ज्यादा दुष्प्रभावी नहीं हो पाती है।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत सीहोर में आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता


**सीहोर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सीहोर द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य आमजन एवं विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, ताकि भविष्य में ऊर्जा संसाधनों का सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में दिनांक 17 दिसंबर 2025 को महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय, सीहोर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए कुल 44 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भविष्य जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

### कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

# दोराहा के कलीम और अहमदपुर से पवन बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर






कांग्रेस ने मंगलवार देर रात मध्य प्रदेश में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी की। इस सूची में जिले के विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। इन नियुक्तियों से जिलेभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। जारी सूची के अनुसार, दोराह ब्लॉक से कलीम पठान को ब्लॉक अध्यक्ष पुनः नियुक्त किया गया है। वहीं अहमदपुर ब्लॉक की कमान युवा को सौंपी गई है। अहमदपुर ब्लॉक अध्यक्ष पवन गुर्जर बनखेडा को बनाया गया है।

दोराहा से कलीम पठान अहमदपुर से पवन गुर्जर को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के बाद क्षेत्र में समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। कई स्थानों पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और बधाइयां देकर हर्ष व्यक्त किया गया। पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई है कि यह नई नियुक्तियां संगठन को मजबूती प्रदान करेंगी और आगामी चुनावों में कांग्रेस को इसका लाभ मिलेगा। वहीं दोराहा में पुनःकलीम पठान को ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ता और उनके समर्थकों ने हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इधर अहमदपुर में पवन गुर्जर बनखेडा को ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर युवाओं ने उन्हें बधाइयां दी। वहीं अहमदपुर क्षेत्र में युवाओं में पवन गुर्जर के ब्लॉक अध्यक्ष बनने से क्षेत्र के युवाओं में खुशी देखी जा रही है।

# धर्म, ईश्वर परमात्मा तक पहुंचाने का रास्ता है: संत मिट्ठपुरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




धर्म क्या है। जिसके नाम पर खून की होली खेली जाती है। धर्म और कुछ नहीं, अपितु ईश्वर परमात्मा तक पहुंचाने का रास्ता है ।परंतु वर्तमान दौर में जिस धर्म के रास्ते पर हम चल रहे हैं। उसे रास्ते से आप भगवान तो क्या, राक्षसों के पास भी नहीं पहुंच पाएंगे। सत्य के मर्म को जानना,मानना और उसका अनुसरण करना मनुष्य का असली धर्म इसी में छुपा हुआ है। धर्म न दूसर सत्य समाना। आगम निगम पुराण बखाना। उपरोक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिन मालवा माटी के संत मिठ्ठूपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किया गये। गुरुदेव द्वारा श्रीमद् भागवत की संपूर्ण सार का वर्णन किया। अंतिम दिवस महाराज परीक्षित के मोक्ष की कथा एवं भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र सुदामा जी की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से श्रवण करवाया। जिसे सुनकर सारे श्रोता भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर रायसिह मेवाड़ा, कमल सिंह चौहान, सुदीप जायसवाल, रविंद्र बाबा साहब, रवि शर्मा पार्षद,महेंद्र सिंह इंजीनियर , जुगल पटेल,मनीष जी मेवाड़ा जिला अध्यक्ष बजरंग दल,डां दिलीप सिंह सोलंकी ,राजेंद्र गुणवान , बंसी बॉम्बे कुमेर सिंह ठाकुर,जीवन सिंह अध्यापक कुंडिया, , कुमेर सिंह अटल जी, शोभा खेड़ी पडीयार, कुंडिया जय सिंह ठाकुर, वीरेंद्र पार्षद जावर ,कमल सिंह टीपा खेड़ी,वीरेंद्र सिंह टी आई, दिनेश अध्यापक महत्वाडा, धीरज सिंह सरकार,काना दास, दीपक मोदी जीवन सिंह, मनोहर प्रधान, कजलास सरपंच, रामचरण दवरिया, दिलीप सरपंच किलौद, अजाब सिंह चाचा, विजेंद्र सिंह, हरदेव मेवाड़ा, पप्पू मेवाड़ा पडियार,सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुवे और कथा का रसपान किया। सफल संचालन डॉक्टर रतन सिंह द्वारा किया गया। अंत में आभार दीपक मोदी प्रखंड अध्यक्ष द्वारा किया गया।